बिहार में तीन नए पावर सब स्टेशन का होगा निर्माण

चर्चा में क्यों?

15 अक्तूबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर वैशाली, बेगूसराय और बिहारशरीफ में करीब 37 करोड़ रुपए की लागत से तीन नए पावर सब स्टेशन (पीएसएस) का निर्माण किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- तीनों पावर सब स्टेशन (पीएसएस) में दस मेगावाट (एमवीए) क्षमता के दो-दो पावर ट्रांसफॉर्मर स्थापित होंगे। इसके साथ ही आधा दर्जन ज़िलों में नवनिर्मित ग्रिडों से पावर सब स्टेशनों को जोड़ने पर 46 करोड़ रुपए खर्च किये जाएंगे।
- बिजली कंपनी के अनुसार नालंदा ज़िले के रामचंद्रपुर (बिहारशरीफ) सुपरग्रिड कैंपस में 14.73 करोड़ रुपए लागत से जीआईएस आधारित पीएसएस का निर्माण किया जाएगा।
- वैशाली प्रखंड के ग्रिड कैंपस में ही 10.032 करोड़ रुपए की लागत से नया पीएसएस स्थापित किया जाएगा। वहीं बेगूसराय ज़िला स्थित भगवानपुर प्रखंड के लखनपुर गाँव में 11.98 करोड़ रुपए की लागत से नए सब स्टेशन की मंज़ूरी मिली है।
- विदित हो कि बिजली कंपनियों ने बिजली की बढ़ी मांग को देखते हुए कई नए ग्रिड का निर्माण किया है। अब उन ग्रिडों को पुराने पावर सब स्टेशनों से जोड़ा जा रहा है, ताकि उनको ओवरलोडेड होने से बचाया जा सके। इससे संबंधित क्षेत्रों को 24 घंटे निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली अस्पताल, अनुमंडलीय न्यायालय एवं उपकारा पालीगंज आदि प्रतिष्ठानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा सकेगी।

//